>

Title* h Need to renovate the Gopalganj Sabeya Airport in Bihar and start domestic flights.

श्री पूर्णमासी राम (गोपालगंज): सभापति जी, हमारे संसदीय निर्वाचन क्षेत्र बिहार राज्य के गोपालगंज में सबेया हवाई अड्डे का निर्माण सन् 1932 में हुआ था। द्वितीय विश्वयुद्ध की लड़ाई में 1945 और 1962 के युद्ध में इस हवाई अड्डे का उपयोग किया गया था। आज भी इस हवाई अड्डे की स्थिति बहुत ही अच्छी है परंतु यह मरम्मती एवं रखरखाव के अभाव में खराब हो रहा है। सरकार नये हवाई अड्डों का निर्माण करने के लिए ज़मीन खोज रही है जबकि इस हवाई अड्डे की ज़मीन बेकार पड़ी हुई है। मैं आपके माध्यम से नागर विमानन मंत्री जी से मांग करता हूँ कि इस हवाई अड्डे की मरम्मती कराकर अंतर्राज्यीय विमान सेवा शुरू कराने का कष्ट करें।